# प्रेस नोट थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर दिनांक 19.06.2025

## हत्या का प्रयास करने के आरोप में 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष बड़हलगंज के नेतृत्व में उ0नि0 विनय पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 380/2025 धारा 191(2),191(3),190,115(2),109,352,351(3),324(4),131 भा0न्या0सं0 व 3(1)द,ध व 3(2)(v) एस0सी0/एस0टी0 एक्ट से संबंधित अभियुक्त सरफुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 12.06.2025 की रात्रि में लगभग 21:50 बजे अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर वादी एवं वादी की पत्नी को जान से मारने की नीयत से लाठी,डण्डा एवं धारदार हथियार से मारपीट करते हुए तोड़-फोड़ की गई। जिसके संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

सरफुद्दीन अंसारी पुत्र रमजान अंसारी निवासी बैरियाडीह थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 380/2025 धारा 191(2),191(3),190,115(2),109,352,351(3),324(4),131 भा0न्या0सं0 व 3(1) द,ध व 3(2)(v) एस0सी0/एस0टी0 एक्ट थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. उ0नि0 विनय पाण्डेय थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर
2. हे0कां0 रामबहादुर यादव थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर

